# बाँके बिहारी मंदिर में ठेका विवाद पर भड़के संत

## रेलिंग लगाने वाली कंपनी पर पहचान छिपाने का आरोप, योगी से की टेंडर रद्द करने की मांग

समर न्यूज़ | वृंदावन

वृंदावन के विश्व-प्रसिद्ध ठाकुर बाँके बिहारी मंदिर में इन दिनों भक्ति के साथ-साथ तनाव का माहौल भी बना हुआ है। मंदिर परिसर और प्रस्तावित कॉरिडोर में लगाई जा रही स्टील की रेलिंग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जैसे ही यह खबर फैली कि यह काम एक मुस्लिम ठेकेदार को दिया गया है, ब्रज क्षेत्र के साधु-संतों और कई हिंदू संगठनों ने इसे धार्मिक आस्था से जुड़ा मुद्दा बताते हुए कड़ा विरोध शुरू कर दिया। सोमवार को मामला तब और गरमाया, जब संतों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर टेंडर रद्द करने और पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। संतों का आरोप है कि ठेकेदार ने कथित तौर पर अपनी पहचान स्पष्ट किए बिना यह काम हासिल किया।



बांके बिहारी मंदिर। - समर न्यूज़

क्या है विवाद का कारण श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था सुचारु करने के लिए मंदिर के प्रवेश और निकास मार्गों पर लगभग 21 हजार स्टील की रेलिंग लगाने का निर्णय लिया था। यह ठेका मेरठ की 'कनिका कंस्ट्रक्शन' नामक कंपनी को दिया गया है। विवाद तब शुरू हुआ जब स्थानीय लोगों और संतों को जानकारी मिली कि कंपनी के मुख्य साझेदार सलीम अहमद बताए जा रहे हैं। कुछ रिपोर्टों में उन्हें कांग्रेस नेता सलीम खान से भी जोड़ा गया है। संतों का कहना है कि मंदिर जैसे पवित्र स्थल पर निर्माण कार्य किसी गैर-सनातनी को सौंपना परंपराओं के खिलाफ है। संतों की तीखी प्रतिक्रिया श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी महाराज ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में इस फैसले पर नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि ब्रजभूमि भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी पावन धरती है और यहां मंदिर परिसर में निर्माण कार्य को लेकर अत्यधिक संवेदनशीलता बरती जानी चाहिए। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि देश में सक्षम हिंदू ठेकेदारों की कोई कमी नहीं है, फिर इस काम के लिए विवादित नाम सामने आने से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

टेंडर प्रक्रिया पर सवाल संतों का कहना है कि सलीम अहमद ने कथित रूप से अपनी पहचान और कंपनी से जुड़ी जानकारी को स्पष्ट किए बिना टेंडर हासिल किया। उन्होंने मांग की है कि यह जांच हो कि किस स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत हुई। कुछ चर्चाओं में यह भी कहा जा रहा है कि मथुरा के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

प्रबंधन समिति का पक्ष इस बीच बाँके बिहारी मंदिर की हाई-पावर प्रबंधन समिति के सदस्य शैलेंद्र गोस्वामी ने कहा कि उन्हें पहले यह जानकारी नहीं थी कि ठेका लेने वाली कंपनी का स्वामी मुस्लिम है। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर में ऐतिहासिक रूप से विभिन्न समुदायों के लोग आते रहे हैं, लेकिन संतों ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया और कहा कि दर्शन करने और गर्भगृह के पास निर्माण कार्य कराने में फर्क है।

आगे की स्थिति विरोध के चलते फिलहाल मंदिर परिसर में रेलिंग लगाने का काम रोक दिया गया है। संतों ने चेतावनी दी है कि यदि टेंडर रद्द कर किसी अन्य को नहीं दिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# 16 पदोन्नत नायब तहसीलदारों को सौंपे प्रमोशन पत्र

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सरदार हरदीप सिंह मुंडियां ने कानूनगो पद से पदोन्नत होकर नायब तहसीलदार बने 16 अधिकारियों को उनके प्रमोशन पत्र सौंपे। यह पदोन्नतियां निर्धारित सेवा नियमों के तहत तथा सभी विभागीय प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद दी गई हैं।

इस अवसर पर पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए राजस्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार अपने कर्मचारियों के सेवा हितों की रक्षा और उनके वैध अधिकार समय पर दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ये पदोन्नतियां राजस्व प्रशासन को और मजबूत बनाने तथा जमीनी स्तर पर जनसेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में सरकार के निरंतर प्रयासों का हिस्सा हैं। सरदार हरदीप सिंह मुंडियां ने नवपदोन्नत नायब तहसीलदारों से ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भूमि और राजस्व से जुड़े मामलों में राजस्व अधिकारी आम जनता के लिए पहला संपर्क बिंदु होते हैं, इसलिए उनकी कार्यशैली और ईमानदारी का सीधा प्रभाव जनता के शासन व्यवस्था पर विश्वास पर पड़ता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी अधिकारी पारदर्शिता बनाए रखते हुए नियमों का अक्षरशः पालन करेंगे और बिना किसी भेदभाव के लोगों की सेवा करेंगे। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव-सह-वित्त आयुक्त (राजस्व) अनुराग वर्मा ने भी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार समयबद्ध पदोन्नतियों और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था को सुनिश्चित कर रही है, ताकि अधिकारी प्रेरित रहें और जनकल्याण के कार्यों पर पूरी तरह केंद्रित रह सकें। जिन अधिकारियों को नायब तहसीलदार पद पर पदोन्नत किया गया, उनमें स्वर्ण सिंह, राजिंदर सिंह, गुरदीप लाल, राजेश कुमार, करमजीत सिंह, बलजीत सिंह, रंजीत सिंह, परमिंदर सिंह, जसपाल सिंह, गुरचरण सिंह, सुखबीर सिंह, सुनील प्रभाकर, ओंकार सिंह, रणदीप सिंह, बलजीत सिंह और कराज सिंह शामिल हैं।



खुशी मानते हुए तहसीलदार। - समर न्यूज़

### अरनीवाला के पास पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार

# फाजिल्का-मलोट हाईवे पर भीषण हादसा

समर न्यूज़ | फाजिल्का

फाजिल्का–मलोट हाईवे पर अरनीवाला के नजदीक मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। हादसे के समय कार में कुल छह लोग सवार थे, जिनमें से सभी घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए फाजिल्का के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। घायलों में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद एम्स बठिंडा रेफर कर दिया गया है।

सड़क सुरक्षा फोर्स टीम के इंचार्ज देवी दयाल ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ ड्यूटी पर थे, तभी अरनीवाला के पास सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी। उन्होंने बताया कि वाहन में सवार छह लोगों में से चार को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जबकि दो घायलों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें सड़क सुरक्षा फोर्स की मदद से एम्स बठिंडा भेजा गया।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। - समर न्यूज़

पुलिस के अनुसार, हादसे में घायल छह लोगों में से तीन पुलिस कर्मचारी हैं, जिनमें एक सीआईए इंस्पेक्टर भी शामिल है। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों की पहचान अंग्रेज सिंह, निवासी सिरसा (हरियाणा) और इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह, सीआईए मोहाली के रूप में हुई है। प्राथमिक जांच में हादसे का कारण गाड़ी का बेकाबू होना बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

वहीं, सड़क सुरक्षा फोर्स ने वाहन चालकों से अपील की है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन न चलाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# बिक्रम सिंह मजीठिया नाभा जेल से रिहा, समर्थकों में उत्साह

समर न्यूज़ | पटियाला

पंजाब के पूर्व मंत्री और शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया मंगलवार को पटियाला की नाभा जेल से रिहा हो गए। जेल से बाहर आते ही मजीठिया ने हाथ जोड़कर समर्थकों का अभिवादन किया और इसके बाद अपनी मूंछों पर ताव दिया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी गनीव कौर भी मौजूद रहीं। मजीठिया की रिहाई के बाद समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। जेल से बाहर आने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मजीठिया ने कहा धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब और गुरु गोविंद सिंह महाराज की अपार कृपा है। जितना सरकार ने मुझे दबाने की कोशिश की, उतनी ही मुझे ताकत मिली। अब दिल्ली के हुक्मरानों के साथ ईंट से ईंट टकरानी है। मुझे इसके लिए प्रेरणा मिली है।

उन्होंने अपने समर्थकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि मैं दिल की गहराइयों से अपनी माताओं-बहनों और मजीठा हलके के हर उस व्यक्ति का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मेरे लिए अरदास की। सरकार चाहती थी कि मैं मरा हुआ बाहर आऊं, जिंदा न निकलूं। अगर मुख्यमंत्री भगवंत मान का बस चलता तो वह मुझे भी मरवा देते, जैसे सिद्धू मूसेवाला को मरवाया गया। मजीठिया ने आगे कहा कि सरकार के खिलाफ लड़ाई आसान नहीं है। जब पत्रकारों को नहीं छोड़ा जा रहा और उन पर पर्चे दर्ज किए जा रहे हैं, तब समझ आता है कि हालात कितने मुश्किल हैं। लेकिन लड़ाई तभी लड़ी जाती है, जब ऊपर वाले की कृपा होती है।



# एसजीएसटी विकास दर में पंजाब देश में अव्वल: हरपाल सिंह चीमा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

भारत सरकार द्वारा जीएसटी 2.0 के तहत दरों को तर्कसंगत बनाए जाने से उत्पन्न राजस्व संबंधी चुनौतियों के बावजूद पंजाब ने जीएसटी संग्रह में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। जनवरी 2026 के दौरान राज्य ने न केवल राष्ट्रीय औसत से बेहतर वृद्धि दर्ज की, बल्कि एसजीएसटी नकद वसूली की विकास दर में पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। राज्य के वित्त, आबकारी एवं कर मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी 2026 में पंजाब में कुल 2,452.66 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह किया गया। शुद्ध जीएसटी वसूली में जनवरी 2025 की तुलना में 15.7 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जो लगभग 315 करोड़ रुपये अधिक है। यह वृद्धि बेहतर अनुपालन, लक्षित प्रवर्तन और निरंतर आर्थिक गतिविधियों का परिणाम है। मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जीएसटी 2.0 के तहत दरों में कटौती के कारण राज्य को हर माह लगभग 250 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का सामना करना पड़ा। धागा, टेक्सटाइल, हॉजरी, फार्मास्यूटिकल्स, बीमा, टायर और सीमेंट जैसे प्रमुख सेक्टर इससे प्रभावित हुए। इसके बावजूद पंजाब ने न केवल इस नुकसान की भरपाई की, बल्कि राष्ट्रीय रुझानों से बेहतर विकास दर भी हासिल की।



उन्होंने बताया कि जनवरी 2026 तक वर्ष-दर-वर्ष आधार पर शुद्ध जीएसटी वसूली में 13.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे कुल वसूली 19,415 करोड़ रुपये से बढ़कर 22,014 करोड़ रुपये हो गई। इसी अवधि में कुल जीएसटी संग्रह में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो राज्य के मजबूत कर आधार को दर्शाती है। जनवरी 2026 में एसजीएसटी नकद वसूली में 14.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो इस अवधि में देश के सभी राज्यों में सबसे अधिक है। यह राष्ट्रीय औसत लगभग 6 प्रतिशत से कहीं अधिक है, जिससे पंजाब एसजीएसटी वृद्धि दर में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। करदाता सुविधा पर विशेष ध्यान देते हुए जनवरी 2026 में 129 करोड़ रुपये के एसजीएसटी रिफंड जारी किए गए, जबकि कुल जीएसटी रिफंड लगभग 300 करोड़ रुपये रहा। वहीं, स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रिवेंटिव यूनिट्स द्वारा प्रवर्तन कार्रवाई के तहत जनवरी में 200 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की गई और चालू वित्त वर्ष में यह आंकड़ा लगभग 1,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। आईजीएसटी निपटान में केंद्र द्वारा की गई कटौतियों के बावजूद पंजाब ने मजबूत जीएसटी प्रबंधन, डेटा-आधारित प्रवर्तन और पारदर्शी प्रशासन के जरिए राजस्व वृद्धि बनाए रखी है।

# दो दिवसीय मुंबई दौरे पर सीएम भगवंत मान

## उद्योगपतियों से मुलाकात, निवेश के लिए आमंत्रण; कई एमओयू होने की उम्मीद

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान मिशन इन्वेस्टमेंट के तहत आज से दो दिन के मुंबई दौरे पर रवाना हो गए हैं। इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री देश के प्रमुख उद्योगपतियों और कारोबारी समूहों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे तथा उन्हें पंजाब में निवेश करने का न्योता देंगे। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है।

राज्य सरकार की मंशा पंजाब में औद्योगिक निवेश को बढ़ाकर युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने की है। इसी कड़ी में मार्च महीने में भी पंजाब सरकार की ओर से कारोबार और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



सरकार का मानना है कि निवेश बढ़ने से न सिर्फ औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, बल्कि राज्य की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

मुख्यमंत्री भगवंत मान मुंबई दौरे के दौरान महाराष्ट्र के एक दिवंगत वरिष्ठ नेता के परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना भी व्यक्त करेंगे। इसको लेकर उनकी टीम ने सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से पहले भी देश-विदेश के कई दौरे कर चुके हैं। सितंबर 2022 में उन्होंने जर्मनी का दौरा किया था, जो उनकी पहली विदेश यात्रा थी। इसके बाद दिसंबर 2025 में 10 दिवसीय मिशन इन्वेस्टमेंट के तहत उन्होंने जापान के टोक्यो, ओसाका और सपोरो का दौरा किया, जहां कई अहम समझौते हुए थे।

इससे पहले 21 अगस्त 2024 को भी मुख्यमंत्री मुंबई गए थे। उस दौरान जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने पंजाब में 1,600 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश पर सहमति जताई थी। वहीं सिफी टेक्नोलॉजी ने मोहाली में एआई आधारित हॉरिज़ॉन्टल डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए 1,500 करोड़ रुपये के निवेश का फैसला किया था। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील ने 1,600 करोड़ रुपये की लागत से 28 एकड़ में नया यूनिट स्थापित करने की घोषणा की थी, जबकि आरपीजी ग्रुप ने भी पंजाब में निवेश को लेकर रुचि दिखाई थी।

# अमृतसर में अवैध हथियार तस्करी का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | अमृतसर

इंटेलिजेंस आधारित कार्रवाई में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से सात अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद हुईं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे और सीमा पार से हथियार मंगवा रहे थे।

खेप को राज्यभर में अपराधों के लिए सप्लाई किया जाना था। थाना कैंटोनमेंट अमृतसर में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर तकनीकी साक्ष्य, कॉल रिकॉर्ड और नेटवर्क की कड़ियों की जांच जारी है। पुलिस ने आगे और गिरफ्तारियों के संकेत दिए हैं।

# फिरोजपुर रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

## सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की

समर न्यूज़ | बठिंडा

बठिंडा के गोनियाना रोड पर गांव गिलपति के पास बठिंडा-फिरोजपुर रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

हादसा घने कोहरे के कारण हुआ बताया जा रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सामाजिक संस्था सहारा जन सेवा की लाइफ सेविंग ब्रिगेड हेल्पलाइन टीम, जिसमें संदीप गिल शामिल थे, एम्बुलेंस के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने स्थिति को देखते हुए थाना जीआरपी को सूचित किया। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

शुरुआत में मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। सहारा जन सेवा की टीम ने आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने के कई प्रयास किए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।



पुलिस घटनास्थल पर जांच करती हुई। - समर न्यूज़

पुलिस की कार्रवाई पूरी होने के बाद सहारा टीम ने शव को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। बाद में सहारा नेटवर्क के माध्यम से मृतक की पहचान गुरजीत सिंह (42) पुत्र निवासी गांव गिलपति के रूप में हुई।

पहचान होने के बाद सहारा टीम ने मृतक के परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंचे। इस संबंध में थाना जीआरपी के अधिकारी एएसआई सुखविंदर सिंह ने बताया कि मृतक के पिता और भाई के बयानों के अनुसार गुरजीत सिंह खेतों में आवारा पशुओं को भगा रहा था। इसी दौरान घने कोहरे के कारण उसे आती ट्रेन दिखाई नहीं दी और वह उसकी चपेट में आ गया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर धारा 194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

**उपलब्धि**

### 2019 में पंजाब सरकार से मिला स्टेट अवॉर्ड, देश के इकलौते ग्रास आर्टिस्ट बने

# आंखें बंद कर घास से रची कला ने जीता मुख्यमंत्री भगवंत मान का मन

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

राजपुरा के रहने वाले देश के एकमात्र ग्रेट ग्रास आर्टिस्ट अभिषेक कुमार चौहान की अनोखी कला ने पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान को गहराई से प्रभावित किया। एक कार्यक्रम के दौरान कलाकार ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें घास के तिनकों से निर्मित भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर की विशेष कलाकृति भेंट की। खास बात यह रही कि यह कलाकृति पूरी तरह आंखें बंद करके तैयार की गई थी, जिसे देखकर मुख्यमंत्री न सिर्फ चकित हुए, बल्कि कलाकार के अद्भुत हुनर की खुलकर सराहना भी की। ग्रास आर्टिस्ट अभिषेक कुमार चौहान ने मुख्यमंत्री को घास से बनी इक ओंकार की कलाकृति भी भेंट की। यह कलाकृति सुल्तानपुर लोधी स्थित गुरुद्वारा श्री बेर साहिब में सुशोभित इक ओंकार साहिब के मूल स्वरूप से प्रेरित है। इस कलाकृति को बनाने में उन्होंने लगभग 1,100 घास के तिनकों को 11,000 बार मोड़ा और करीब 10 घंटे तक आंखें बंद कर मूल मंत्र साहिब का जाप करते हुए इसे आकार दिया। जब मुख्यमंत्री भगवंत मान को यह जानकारी दी गई कि कलाकार बिना देखे, केवल साधना और अनुभव के सहारे इतनी सूक्ष्म और जटिल कलाकृतियां तैयार करता है, तो वे इस अनूठी कला-साधना से अत्यंत प्रभावित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की प्राकृतिक और आध्यात्मिक कला पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देती है। उन्होंने कलाकार की आंखें बंद कर कला निर्माण करने की प्रक्रिया को स्वयं लाइव देखने की इच्छा भी व्यक्त की, जिसे कलाकार ने अपने लिए एक बड़ा सम्मान बताया। इस मुलाकात के दौरान उपस्थित अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी घास कला की बारीकी, धैर्य और मौलिकता की प्रशंसा की। यह भेंट कला, प्रकृति और संवेदनशील नेतृत्व के सुंदर समागम के रूप में यादगार रही। अभिषेक कुमार चौहान देश के अकेले ऐसे ग्रास आर्टिस्ट हैं जो कुदरती घास के तिनकों से आंखें बंद करके कलाकृतियां और मूर्तियां बनाते हैं। उनकी कला को ध्यान, परंपरा और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम माना जाता है। वर्ष 2019 में पंजाब सरकार द्वारा उन्हें स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिसके साथ ही उन्हें आधिकारिक तौर पर देश का एकमात्र ऐसा कलाकार घोषित किया गया, जो आंखें बंद कर घास से कला सृजित करता है।



मुखयमंत्री को ग्रास से बनी मोर देते हुए अभिषेक कुमार चौहान। - समर न्यूज़

# बठिंडा-फिरोजपुर रेल लाइन पर ट्रेन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

समर न्यूज़ | बठिंडा

बठिंडा–गोनियाना रोड पर गांव गिलपति के पास फाटक से आगे रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही सहारा जन सेवा की लाइफ सेविंग ब्रिगेड एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी जीआरपी को दी गई। जीआरपी अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्रारंभ में मृतक की पहचान नहीं हो सकी, जिसके बाद सहारा टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और शव को अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया। बाद में सहारा नेटवर्क के माध्यम से मृतक की शिनाख्त गुरजीत सिंह (42), पुत्र गुरमीत सिंह, निवासी गिलपति के रूप में हुई। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे।

# पत्रकार हत्या मामले में हाईकोर्ट ने फिर शुरू की सुनवाई

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने "नए तथ्यों के सामने आने" का हवाला देते हुए पत्रकार राम चंदर छत्रपति हत्याकांड में दोबारा सुनवाई शुरू करने का आदेश दिया है। यह निर्णय डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम और अन्य आरोपियों की ओर से दायर अपीलों पर चार महीने से अधिक समय तक फैसला सुरक्षित रखने के बाद आया। 30 जनवरी को जारी आदेश में मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति विक्रम अग्रवाल की पीठ ने कहा कि 25 सितंबर 2025 को अंतिम सुनवाई पूरी हो चुकी थी, लेकिन निर्णय लिखते समय कुछ नए तथ्य सामने आए, जिन पर स्पष्टता आवश्यक है। इसी आधार पर पुनः बहस का रास्ता खोला गया। इस मामले में 17 जनवरी 2019 को पंचकूला की विशेष केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो अदालत ने सिरसा के पत्रकार राम चंदर छत्रपति की 2002 में हुई हत्या के लिए राम रहीम समेत चार लोगों को उम्रकैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। छत्रपति 'पूरा सच' अखबार के संपादक थे और सिरसा में कार्यरत थे। अपील में डेरा प्रमुख ने दावा किया कि जांच एजेंसी ने उन्हें गलत तरीके से फंसाया, क्योंकि प्रारंभिक चार्जशीट में सह-आरोपियों के खिलाफ साजिश का उल्लेख था, पर उनका नाम नहीं था। बचाव पक्ष ने यह भी तर्क दिया कि 2002 की पहली चार्जशीट में उनका उल्लेख न होना इस बात की ओर इशारा करता है कि बाद में उन्हें बदले की भावना से जोड़ा गया। याचिका में यह भी कहा गया कि अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि आरोपी 'पूरा सच' अखबार पढ़ते थे या मृत पत्रकार से उनकी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी थी। अब हाईकोर्ट में दोबारा सुनवाई के बाद इस हाई-प्रोफाइल मामले की दिशा तय होगी।

# खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर ठगी करने वाला युवक चंडीगढ़ जिला अदालत में पकड़ा गया

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ जिला अदालत परिसर में मंगलवार को खुद को केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) का अधिकारी बताकर ठगी करने वाला एक युवक वकीलों के हत्थे चढ़ गया। आरोपी फर्जी सीबीआई स्टांप लगे दस्तावेज लेकर कोर्ट पहुंचा था। सतर्क वकीलों ने उसे मौके पर ही पकड़कर चंडीगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया।

चंडीगढ़ जिला कोर्ट के वकील राजेश सिंह ने बताया कि उनकी बेटी ग्रेजुएशन पूरी कर चुकी है। इसी दौरान सतीश नाम का एक व्यक्ति, जो अक्सर कोर्ट परिसर में आता-जाता था, ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए उनसे संपर्क किया। आरोपी ने पहचान पत्र दिखाकर दावा किया कि वह स्पेशल ड्यूटी पर तैनात है और उनकी बेटी को सीबीआई में नौकरी दिलवा सकता है।



आरोपी को पुलिस लेकर जाती हुई। - समर न्यूज़

वकील के अनुसार, आरोपी ने नौकरी लगवाने के नाम पर पहले 7 हजार रुपये रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में ले लिए। इसके बाद सोमवार को फोन कर बताया कि चंडीगढ़ के होम सेक्रेटरी का जन्मदिन है और उन्हें गिफ्ट देना है। इसके लिए आरोपी ने 12 हजार रुपये मोबाइल फोन खरीदने के नाम पर मांगे और कहा कि शेष राशि वह स्वयं जोड़ देगा।

आरोपी की गतिविधियों पर संदेह होने पर वकील राजेश सिंह ने अपने साथी वकीलों को पूरे मामले से अवगत कराया। मंगलवार को जब आरोपी सतीश दोबारा चंडीगढ़ जिला अदालत पहुंचा और पैसे लेने की बात करने लगा, तो पहले से सतर्क वकीलों ने उसे पकड़ लिया।

**फर्जी सीबीआई दस्तावेज बरामद**

पकड़े गए आरोपी के पास से एक फाइल बरामद हुई, जिसमें फर्जी सीबीआई स्टांप लगे कई दस्तावेज मिले। आरोपी दावा कर रहा था कि वकील की बेटी की फाइल दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय पहुंच चुकी है और जल्द ही जॉइनिंग लेटर जारी हो जाएगा, जबकि बाकी रकम बाद में देने की बात कही गई थी। सूचना मिलने पर चंडीगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने इससे पहले और कितने लोगों को इसी तरह ठगा है।

# 11 मोबाइल फोन ट्रेस कर लोगों को वापस किए

## पुलिस की साइबर सेल टीम ने एक बार फिर अपनी तकनीकी दक्षता दिखाई

समर न्यूज़ | पंचकूला

पुलिस की साइबर सेल टीम ने एक बार फिर अपनी तकनीकी दक्षता और जनसेवा भावना का परिचय देते हुए गुमशुदा 11 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे।

यह सराहनीय कार्रवाई इंस्पेक्टर निर्मल कुमार, प्रभारी साइबर सेल पंचकूला के नेतृत्व में की गई। इस अभियान में पीएसआई रामू स्वामी, कांस्टेबल रजनीश एवं कांस्टेबल पवन की अहम भूमिका रही।

साइबर सेल टीम द्वारा आधुनिक तकनीकी साधनों की सहायता से मोबाइल फोन को ट्रेस किया गया और आवश्यक सत्यापन के उपरांत उन्हें उनके सही मालिकों को सौंपा गया।

मोबाइल फोन वापस मिलने पर सभी नागरिकों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की तथा पंचकूला पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए टीम का धन्यवाद किया। नागरिकों ने कहा कि पंचकूला पुलिस की यह पहल आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को और मजबूत करती है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि पुलिस आमजन की सेवा और साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सदैव प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित में प्रभावी कार्रवाई करती रहेगी।



मोबाइल फोन दिखाते हुए लोग। - समर न्यूज़

# नेतृत्व साधना कार्यक्रम में सुशासन और राष्ट्र निर्माण पर मंथन, 9 राज्यों के युवाओं ने लिया हिस्सा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि नेताओं से केवल बातों से काम नहीं चलता, बल्कि उन्हें लोगों के बीच जाकर उनके लिए किए गए वायदों को पूरा करना चाहिए। उन्होंने चेताया कि यदि नेता जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते, तो वे उन्हें सत्ता से बाहर कर देती है। यह विचार उन्होंने समावेशी नीति एवं सुशासन संस्थान चंडीगढ़ द्वारा रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी के सहयोग से आयोजित छह दिवसीय आवासीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम नेतृत्व साधना में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन 29 जनवरी से 3 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़ में किया गया। इस संस्करण में देश के 9 राज्यों से 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नेतृत्व, सुशासन, सार्वजनिक नीति, राष्ट्र निर्माण और समकालीन राष्ट्रीय विमर्श पर 18 गहन एवं प्रभावशाली सत्र आयोजित किए गए। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, उपाध्यक्ष रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी ने की, जिन्होंने युवाओं में मूल्य आधारित नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की भूमिका पर बल दिया। पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने संसदीय प्रक्रिया और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।



राज्यपाल के साथ शिक्षक। - समर न्यूज़

डॉ. प्रशांत शाही ने विचार निर्माण और नेतृत्व कौशल पर सत्र लिए, जबकि उमेंद्र दत्त ने कृषि, समाज और राष्ट्रीय विकास के आपसी संबंधों पर प्रकाश डाला।

प्रतिभागियों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ का शैक्षणिक भ्रमण भी किया और तकनीकी नवाचार एवं अनुसंधान कार्यों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में एक राष्ट्र एक चुनाव, सार्वजनिक भाषण कला, सूचना का अधिकार, तनाव प्रबंधन और व्यक्तिगत प्रभावशीलता जैसे विषयों पर भी प्रशिक्षण दिया गया।

समापन सत्र में NITTTR निदेशक भोला राम गुर्जर और सेवा ही संकल्प संस्था के अध्यक्ष मनोज चंदेल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को संघर्षों से सीख लेकर लक्ष्य प्राप्ति और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम निदेशक डॉ. मनीष जांगिड़ ने बताया कि नेतृत्व साधना का यह संस्करण युवाओं को वैश्विक और राष्ट्रीय विमर्श समझने और उसे सकारात्मक रूप में अपनाने में सफल रहा।

# धान घोटाले की जांच को लेकर प्रदर्शन

## चढ़ूनी बोले, सवा लाख एकड़ फर्जी वेरिफिकेशन, दोषियों को मिले सजा

समर न्यूज़ | पंचकूला

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने कथित धान घोटाले की जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने किया। किसानों ने लघु सचिवालय तक मार्च किया, जहां प्रशासन ने बेरिकेड लगाकर उन्हें रोक लिया। प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं को सूचित किया गया कि एडीसी ज्ञापन लेने के लिए पहुंचेंगी। ज्ञापन लेने में देरी होने पर किसानों में नाराजगी देखने को मिली।

किसान नेताओं ने माइक के माध्यम से कहा कि यदि अधिकारी नहीं आए तो वे वहीं दरी बिछाकर बैठ जाएंगे। इसके बाद एडीसी निशा यादव मौके पर पहुंचीं और किसानों से ज्ञापन लिया। एडीसी ने बताया कि बैठक के कारण उन्हें पहुंचने में देरी हुई।

किसानों को संबोधित करते हुए गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में बड़े स्तर पर धान घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा गैर-बासमती धान के लिए 28 लाख 80 हजार एकड़ भूमि पोर्टल पर दर्ज करवाई गई थी, लेकिन अधिकारियों ने इसे बढ़ाकर करीब 30 लाख एकड़ वेरिफाई कर दिया। करीब सवा लाख एकड़ भूमि को फर्जी तरीके से बढ़ाना एक गंभीर आपराधिक कृत्य है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। चढ़ूनी ने आगे कहा कि भिवानी, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और नूंह जिलों में 64 हजार एकड़ में धान की फसल दिखाई गई, जबकि इन क्षेत्रों में एक दाना भी धान की खरीद नहीं हुई। उन्होंने इसे विभागीय स्तर पर किया गया बड़ा घोटाला करार दिया।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने पंचकूला में लगने वाली फल और सब्जी मंडी में किसानों की सीधी एंट्री की भी मांग उठाई। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



प्रदर्शन करते हुए किसान नेता। - समर न्यूज़

# नगर निगम आयुक्त विनय कुमार का फील्ड निरीक्षण

समर न्यूज़ | पंचकूला

शहर को स्वच्छ, सुंदर और मॉडल सिटी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम पंचकूला द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त विनय कुमार ने अलीपुर स्थित एमआरएफ सेंटर (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी), झूरीवाला ट्रांसफर स्टेशन और सेक्टर-26 में निर्माणाधीन एस्पिरेशनल टॉयलेट का फील्ड निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अलीपुर एमआरएफ सेंटर तक पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही झूरीवाला ट्रांसफर स्टेशन को अलीपुर एमआरएफ सेंटर में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा, जिससे ठोस कचरा प्रबंधन को और प्रभावी बनाया जा सके। झूरीवाला ट्रांसफर स्टेशन के निरीक्षण में शेष कचरे को लेकर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाया और एक सप्ताह के भीतर पूरे क्षेत्र को पूरी तरह साफ करने के निर्देश दिए। उन्होंने भविष्य में कचरा फैलाव रोकने के लिए उचित फेंसिंग सुनिश्चित करने को भी कहा। इसके अलावा, सेक्टर-26 स्थित एस्पिरेशनल टॉयलेट में निर्माण गुणवत्ता, स्वच्छता, सोलर पावर व्यवस्था और दिव्यांग-अनुकूल सुविधाओं का अवलोकन किया।



# डॉ. गुरमेल सिंह की संयुक्त कृषि निदेशक के पद पर हुई पदोन्नति

समर न्यूज़ | मोहाली

पंजाब सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने डॉ. गुरमेल सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर को पदोन्नत कर संयुक्त कृषि निदेशक नियुक्त किया है। डॉ. गुरमेल सिंह ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना से मृदा विज्ञान में एम.एससी. किया है और 1992 में कृषि विकास अधिकारी के रूप में सेवाएं शुरू कीं। उन्होंने विभिन्न जिलों और विभागीय पदों पर कार्य करते हुए प्रमाणित बीजों की गुणवत्ता और उपलब्धता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। पदोन्नति पर उन्होंने विभागीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# विधायक कुलवंत ने अस्पताल का किया दौरा

समर न्यूज़ | मोहाली

विधायक कुलवंत सिंह ने जिला अस्पताल का दौरा कर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज प्राप्त कर रहे मरीजों से बातचीत कर उनके अनुभव जाने और सुविधाओं को लेकर फीडबैक लिया। दौरे के दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत इलाज कराने वाले मरीजों से मुलाकात की। निर्मल कौर की 27 जनवरी को सफलतापूर्वक अपेंडिक्स सर्जरी की गई थी। इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी और सोमवार को वह फॉलो-अप जांच के लिए अस्पताल पहुंची थीं। अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना को लेकर आम जनता में संतोष का माहौल है, क्योंकि इस योजना में आय की कोई शर्त नहीं रखी गई है। मरीजों ने बताया कि आधार कार्ड और वोटर कार्ड के आधार पर ओपीडी काउंटर पर पंजीकरण के तुरंत बाद इलाज शुरू हो गया। ब्लोंगी निवासी संतोष और मोरिंडा की रहने वाली अमनदीप कौर, जो अस्पताल में भर्ती हैं, ने 10 लाख रुपये तक की कैशलेस सुविधा वाली इस योजना को आम लोगों के लिए राहत बताते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का आभार जताया। डॉ. बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मोहाली के कार्यकारी निदेशक-प्राचार्य डॉ. नवदीप सैनी ने बताया कि जिन मरीजों को सर्जरी या इनडोर इलाज की जरूरत है, उन्हें एमएमएसवाई का पूरा लाभ दिया जा रहा है।



मरीजों से बात करते हुए विधायक। - समर न्यूज़

# मनीमाजरा बस स्टैंड पर लगाया गया रक्तदान शिविर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

ठंड की वजह से अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए विश्वास फाउंडेशन पंचकूला, बाबा गार्मेंट्स व इंडियन रेडक्रॉस यूटी चंडीगढ़ द्वारा लोकल बस स्टैन्ड मनीमाजरा चंडीगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 11:00 बजे शुरू हुआ और दोपहर बाद 4:00 बजे तक चला। ब्लड बैंक पारस अस्पताल पंचकूला की टीम ने डॉक्टर पुनीत सचदेवा की देखरेख में 32 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया।

विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि रक्तदान शिविर में रेडक्रॉस यूटी चंडीगढ़ की नोडल अफसर पूनम मलिक द्वारा रक्तदाताओं के लिए प्रशंसा पत्र दिए गए। उन्होंने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान जैसा पुनीत काम सबसे बड़ी सेवा में आता है। रक्त ही एकमात्र ऐसा पदार्थ है जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं किया जा सकता।

बाबा गार्मेंट्स से हेम चंद, नेम चंद व खेम चंद ने बताया कि रक्तदान महादान है। किसी जरुरतमन्द व्यक्ति को रक्त देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। आमतौर पर लोगों की मानसिकता है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। ये भ्रामक जानकारी है। रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती और सप्ताहभर में दिए गए खून कि आपूर्ति हो जाती है और नया खून शरीर में संचार हो जाता है।

उन्होंने युवायों से अपील की है कि वो रक्तदान का संकल्प लें और जीवन में जरूर रक्तदान करें। रक्तदान शिविर में आये सभी रक्तदानियों को प्रशंसा पत्र व गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से पवन मनचन्दा, हर्ष मनचन्दा, मदन नागपाल, ओम प्रकाश मेहरा रेड क्रॉस चंडीगढ़ का स्टाफ व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



रक्तदान करते हुए लोग। - समर न्यूज़

**पहल** वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू हुई मुफ्त मोबाइल हेल्थ यूनिट सेवा

# बुज़ुर्गों को घर बैठे मिल रही स्वास्थ्य सेवाएं

- जेरियाट्रिक केयर एट डोरस्टेप' योजना के तहत शुरू की गई मुफ्त मोबाइल हेल्थ यूनिट सेवा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सेक्टर-16 स्थित गवर्नमेंट मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय पहल की है। अस्पताल प्रशासन की ओर से 80 वर्ष से अधिक आयु के बुज़ुर्गों के लिए जेरियाट्रिक केयर एट डोरस्टेप नाम से मुफ्त मोबाइल हेल्थ यूनिट (एमएचयू) सेवा शुरू की गई है। इस सेवा के तहत बुज़ुर्गों को उनके घर पर ही मेडिकल और पेलिएटिव केयर की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

यह मोबाइल हेल्थ यूनिट पूरी तरह से सुसज्जित 4×4 एंबुलेंस के माध्यम से संचालित की जा रही है। एंबुलेंस में आवश्यक दवाइयों के साथ-साथ ऑक्सीजन सपोर्ट, ब्लड प्रेशर, शुगर, ऑक्सीजन सैचुरेशन सहित अन्य जरूरी स्वास्थ्य जांच उपकरण और टेली-कंसल्टेशन की सुविधा उपलब्ध है। सेवा के संचालन के लिए एक प्रशिक्षित मेडिकल टीम तैनात की गई है, जिसमें मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर, फार्मासिस्ट और फिजियोथेरेपिस्ट शामिल हैं।

इस पहल के तहत वरिष्ठ नागरिकों को घर पर ही डॉक्टर की परामर्श सेवा, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) की स्क्रीनिंग और रिकॉर्ड तैयार करना, विशेषज्ञ डॉक्टरों से टेली-कंसल्टेशन, एंटीसेप्टिक ड्रेसिंग, फिजियोथेरेपी, स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता और जरूरत पड़ने पर तत्काल रेफर या अस्पताल में भर्ती किए जाने का आकलन किया जाता है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, इस सेवा को बुज़ुर्गों और उनके परिजनों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। जनवरी 2026 तक कुल 98 वरिष्ठ नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा चुके हैं। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में इस सेवा के दायरे को और विस्तृत करने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक बुज़ुर्गों को घर बैठे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।




सेक्टर-16 जीएमसीएच अस्पताल। - समर न्यूज़

# जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो आज लगाएगा प्लेसमेंट कैंप

समर न्यूज़ | मोहाली

जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो तथा मॉडल करियर सेंटर मोहाली की ओर से आज एक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप जिला प्रशासनिक परिसर, कक्ष नंबर 461, तीसरी मंजिल, सेक्टर-76, मोहाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। डीबीईई मोहाली के डिप्टी डायरेक्टर हरप्रीत सिंह मानशाहियां ने बताया कि पंजाब सरकार के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कैंप लगाया जा रहा है। कैंप में डी-मार्ट स्टोर्स पंजाब, Quess Corp Ltd, आई प्रोसेस सर्विस इंडिया लिमिटेड और A Genius कंपनियां भाग लेंगी। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी नियमों के अनुसार वेतन मिलेगा और कार्यस्थल मोहाली रहेगा।



## न्यूज ब्रीफ

### नशा करते चार युवक काबू, खाली प्लॉट से लाइटर और सिल्वर पन्नी बरामद

समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना लाडोवाल के अधीन पड़ते हम्ब्रा रोड स्थित चीमा अस्पताल के पास गश्त के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस अधिकारी हरदीप सिंह को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि चीमा अस्पताल के पास एक खाली प्लॉट में चार युवक बैठकर नशा कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर छापेमारी की, जहां चारों युवक नशे की हालत में पाए गए। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से दो लाइटर, दो सिल्वर पन्नी और दो 10 के नोट बरामद किए गए। पुलिस ने चारों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान हार्दिक पुत्र अशोक कुमार निवासी फगवाड़ा, वरुण भैंस पुत्र ओमप्रकाश निवासी फिल्लौर, सुखविंदर सिंह पुत्र रामपाल निवासी कुत्बेवाल और जितेंद्र कुमार पुत्र चंद्रपाल निवासी फिल्लौर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

### सुंदर नगर पुली के पास नशा करता युवक गिरफ्तार

समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना दरेसी के अधीन पड़ते आईसीआईसीआई बैंक के पास पुलिस ने नशा करते एक युवक को काबू किया है। जांच अधिकारी सुखदेव सिंह को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि सुंदर नगर पुली के पास एक युवक बैठकर नशा कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक लाइटर, एक सिल्वर पन्नी लिफाफा और 10 का नोट बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान लखविंदर सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी फिल्लौर, जिला जालंधर के रूप में हुई है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला, आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना दरेसी पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच अधिकारी हरपाल सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले शिकायतकर्ता चिंता पत्नी गौरव ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उनकी करीब 16 वर्षीय बेटी घर से सामान लेने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा तलाश करने पर शक हुआ कि जान-पहचान का एक युवक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने नाबालिग लड़की को सुरक्षित बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद वसीम पुत्र मोहम्मद अकरम निवासी भगवा मोनिया, बिहार के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 137(2) और 96 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।


### जमीन पर कब्जे का आरोप, मामला दर्ज

समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना लाड़ोवाल क्षेत्र में अमानत में खयानत का एक मामला सामने आया है। इस संबंध में गुरु तेग बहादुर नगर, लुधियाना निवासी जोगिंदर सिंह पुत्र वीरसा सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी कुछ जमीन हम्बड़ा के पास स्थित है, जिस पर कुछ लोगों ने जाली दस्तावेज तैयार कर कब्जा करने की कोशिश की। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया।
जांच अधिकारी गुरशरण सिंह की अगुआई में की गई कार्रवाई के तहत पुलिस ने मलकीत सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी बस्ती जोधेवाल और मंगल सिंह पुत्र दीप सिंह निवासी हम्बड़ा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है।

# नशे में ट्रक चालक ने दो कारों को मारी टक्कर कार्रवाई न होने पर लोगों ने सड़क को किया जाम

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना के थाना डिवीजन-3 के अंतर्गत पड़ते बागड़ू मोहल्ले में सोमवार देर रात उस समय हंगामा हो गया, जब एक ट्रक ने निजी होटल के बाहर खड़ी दो कारों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों कारों को भारी नुकसान पहुंचा है, वहीं आसपास की दुकानों के शटर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं।
स्थानीय लोगों के अनुसार हादसे के बाद ट्रक चालक नशे की हालत में था और वह ट्रक से नीचे उतरने की स्थिति में भी नहीं था। मोहल्ले के लोगों ने मिलकर उसे ट्रक से नीचे उतारा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर सिविल अस्पताल मेडिकल जांच के लिए पहुंचाया। हालांकि, लोगों का आरोप है कि मेडिकल के बाद पुलिस ने बिना किसी ठोस कार्रवाई के ट्रक चालक को छोड़ दिया है। इस बात से नाराज मोहल्ले के लोगों ने सड़क पर धरना प्रदर्शन कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष जताया गया है। धरना दे रहे लोगों ने बताया कि इलाके के पास ट्रांसपोर्ट नगर होने के कारण यहां से भारी वाहन लगातार गुजरते हैं और आए दिन हादसे होते रहते हैं। इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।
हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार के मालिक ने बताया कि वह अंबाला से लुधियाना आया था और ऑनलाइन होटल बुक करवाया था, इसमें पार्किंग सुविधा दर्शाई गई थी। रात करीब 12 बजे होटल पहुंचने पर पार्किंग उपलब्ध नहीं थी, इसके बाद होटल स्टाफ ने उसकी कार शटर के पास खड़ी करवा दी थी। सुबह करीब 4 बजे होटल स्टाफ ने उसे सूचना दी कि उसकी कार को ट्रक ने टक्कर मार दी है। पीड़ित के अनुसार कार को भारी नुकसान हुआ है और उसने घटना की वीडियो बनाकर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित किया था।
वहीं दूसरी कार के मालिक सन्नी कुमार ने बताया कि ट्रक ने सबसे पहले उनकी कार को टक्कर मारी और काबू न रहने के कारण दूसरी कार को भी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि हादसे में दुकान के शटर भी टूट गए हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सन्नी कुमार का आरोप है कि होटल मालिक से जब सीसीटीवी फुटेज मांगी गई तो उसने हार्ड ड्राइव न होने का हवाला देकर फुटेज देने से इनकार कर दिया। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ समय पहले इसी इलाके में ट्रक की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई थी, लेकिन उस परिवार को भी कोई सहायता नहीं मिली। होटल के खिलाफ भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि ट्रक के पकड़े जाने के समय उसमें शराब की बोतल और नमकीन का पैकेट मौजूद था, जिसकी फोटो और वीडियो स्थानीय निवासियों ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड की थी। हालांकि बाद में थाने के बाहर खड़े ट्रक से शराब की बोतल गायब पाई गई, जिस पर भी लोगों ने सवाल खड़े किए हैं। फिलहाल पुलिस की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है और लोग निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार।



-समर न्यूज़

### हिंसक झड़प में फायरिंग एक व्यक्ति घायल

शेखर वर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

महादेव नगर स्थित ज्ञान विद्यालय स्कूल के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। झगड़े के दौरान ईंट-पत्थर चलने के साथ फायरिंग की घटना भी सामने आई। इस दौरान एक व्यक्ति को गोली लगने की पुष्टि हुई है, जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं। गोली लगने से घायल व्यक्ति को तुरंत लुधियाना के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल व्यक्ति ने बताया कि वह अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहा था, तभी रास्ते में दो गुटों के बीच विवाद चल रहा था। एक गुट के पास पिस्तौल थी और वह लगातार फायरिंग कर रहा था। पीड़ित का आरोप है कि जिन लोगों से उसकी पहले से रंजिश थी, उन्होंने उसे देखते ही निशाना बनाना शुरू कर दिया और इसी दौरान गोली उसे लग गई। पीड़ित ने बोहमिया, सागर, मसला सहित अन्य लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है।

## नाले में तैरता रहा शव, कुत्ते-पक्षी नोचते रहे

### करीब 6 दिन बाद निकाला गया अज्ञात शव



बुढ़ा दरिया में पड़ा शव।



-समर न्यूज़

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर में एक बार फिर इंसानियत शर्मसार होती नजर आई। चाँद सिनेमा पुल के नीचे बुढ़ा दरिया में बीते कई दिनों से एक अज्ञात शव पानी में तैरता हुआ फंसा रहा। राहगीरों के अनुसार शव की हालत इतनी भयावह हो चुकी थी कि कुत्ते उसे नोच-नोचकर खा रहे थे, वहीं पक्षी भी शव को नुकसान पहुंचा रहे थे। इस दृश्य से इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार शाम ही पुलिस को शव की सूचना दे दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची, शव को देखा भी, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। पूरी रात और अगला दिन शव नाले में ही पड़ा रहा।

**दूसरे दिन फिर बुलानी पड़ी पुलिस** मंगलवार को जब राहगीरों ने दोबारा वही भयावह स्थिति देखी तो मजबूरन पुलिस को फिर सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शव को नाले से बाहर निकलवाया।

**मोर्चरी में रखा गया शव, पहचान अब तक नहीं**
जांच अधिकारियों के अनुसार शव को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के हवाले किया जाएगा।

**हर एंगल से होगी जांच**
फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि शव नाले में कैसे पहुंचा। पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और हर पहलू से जांच की जा रही है।
थाना प्रभारी गुरजीत सिंह डिवीजन नंबर चार ने बताया कि शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। अभी तक शव की पहचान नहीं हो सकी है, जांच प्रक्रिया जारी है।

## मिशन स्वास्थ्य कवच ने जिम कोचों को दी कार्डियक इमरजेंसी ट्रेनिंग

गुरप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

मिशन स्वास्थ्य कवच द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जिम कोच और स्पोर्ट्स पर्सन को हार्ट अटैक, उच्च रक्तचाप और कार्डियक अरेस्ट जैसी जानलेवा स्थितियों से निपटने की विशेष ट्रेनिंग दी गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने समय पर जीवन-रक्षक कदम उठाने की अहमियत समझाई और CPR तकनीक का व्यावहारिक अभ्यास कराया। प्रशिक्षकों को बताया गया कि आपात स्थिति में सबसे पहले व्यक्ति की सुरक्षा और बेहोशी की जांच करें, सांस न होने पर तुरंत 108 इमरजेंसी सेवा या नजदीकी एम्बुलेंस को कॉल करें। मरीज को सख्त सतह पर पीठ के बल लिटाकर छाती के बीच 100–120 बार प्रति मिनट, 5-6 सेंटीमीटर गहराई से दबाव देने की विधि समझाई गई। प्रशिक्षित होने पर हर 30 दबाव के बाद दो सांस देने की सलाह दी गई, जबकि बिना प्रशिक्षण के केवल छाती दबाने की CPR को पर्याप्त बताया गया। टीम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम जिम और खेल संस्थानों में सुरक्षा बढ़ाने के साथ आम जनता में भी स्वास्थ्य-जागरूकता फैलाते हैं और संकट की घड़ी में जान बचाने में सहायक साबित होते हैं।



## आयोजन

### सी टी विश्वविद्यालय में राणा रणबीर के नाटक बंदे बनो बंदे का मंचन, मानवीय मूल्यों का दिया सशक्त संदेश

# सी टी विश्वविद्यालय के मंच पर मानवता की आवाज, राणा रणबीर के नाटक से प्रभावित हुए युवा

रविंदर | लुधियाना
समर न्यूज़

सी टी विश्वविद्यालय ने अपने जगराओं परिसर में प्रसिद्ध पंजाबी अभिनेता एवं लेखक राणा रणबीर द्वारा लिखित और निर्देशित विशेष मंच नाटक बंदे बनो बंदे का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। पूरा वातावरण रंगमंच, संस्कृति और मानवीय मूल्यों के उत्सव में बदल गया। यह सांस्कृतिक संध्या रंथाम ड्राइविंग अकादमी, सरे तथा हसल मोशन पिक्चर्स के सहयोग से आयोजित की गई। यह आयोजन सी टी विश्वविद्यालय की पच्चीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर हुआ, जो शिक्षा और सर्वांगीण छात्र विकास में पच्चीस वर्षों की उत्कृष्ट यात्रा को दर्शाता है।
इस अवसर पर लुधियाना की महापौर इंदरजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनकी उपस्थिति ने युवाओं में सामाजिक चेतना और भावनात्मक समझ विकसित करने में सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित किया। शाम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब दिवंगत पंजाबी गायक राजवीर जंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी माता और बहन की उपस्थिति ने दर्शकों और कलाकारों को भावुक कर दिया। यह श्रद्धांजलि उनके कला योगदान और अमर स्मृतियों को सम्मान देने का प्रतीक बनी।
नाटक बंदे बनो बंदे ने समाज को एक सशक्त संदेश दिया। यह नाटक मानवीय मूल्यों के विकास पर विचार करने और स्वयं को एक बेहतर इंसान बनाने की प्रेरणा देता है। राणा रणबीर की प्रभावशाली कहानी और प्रस्तुति ने विशेष रूप से युवा दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। इस अवसर पर सी टी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक, इंजीनियर दविंदर सिंह ने कहा, "हमें अपने पच्चीसवें स्थापना वर्ष में इस तरह के सार्थक नाटक की मेजबानी करने पर अत्यंत गर्व है। सी टी विश्वविद्यालय में हमारा मानना है कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं होती। कला और संस्कृति जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
राणा रणबीर का यह नाटक जीवन के महत्वपूर्ण संदेश देता है। हम महापौर इंदरजीत कौर की उपस्थिति और राजवीर जंडा के परिवार की मौजूदगी से अत्यंत भावुक और सम्मानित महसूस कर रहे हैं।" नाटक के लेखक एवं निर्देशक राणा रणबीर ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा, "मैं सी टी विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे अपने परिसर में 'बंदे बनो बंदे' प्रस्तुत करने का अवसर दिया। यह नाटक मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि यह इंसान को बेहतर बनने की राह दिखाता है। युवाओं के सामने प्रस्तुति देना ऊर्जा और आशा से भर देता है। मैं महापौर इंदरजीत कौर के समर्थन और राजवीर जंडा के परिवार की उपस्थिति के लिए हृदय से आभारी हूं। उनकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी।" यह आयोजन सी टी विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक चेतना, कलात्मक अभिव्यक्ति और मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और सभी उपस्थित लोगों के लिए एक यादगार संध्या बन गया।



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित करते हुए आयोजक।



-समर न्यूज़




ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 150